**FORM B**

**PUBLIC ANNOUNCEMENT**

(*Regulation 12 of the Insolvency and Bankruptcy Board of India* (*Liquidation Process*) *Regulations, 2016*)

**FOR THE ATTENTION OF THE STAKEHOLDERS OF**

**SAGA AUTOMOTIVE (INDIA) PRIVATE LIMITED**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of corporate debtor | Saga Automotive (India) Private Limited |
| 2. | Date of incorporation of corporate debtor | 19.09.2006 |
| 3. | Authority under which corporate debtor is incorporated/ registered | ROC - Jaipur |
| 4. | Corporate Identity Number / Limited Liability Identity Number of corporate debtor | U50300RJ2006PTC023129 |
| 5. | Address of the registered office and principal office (if any) of corporate debtor | • Office Space No. 211, Second Floor, Jaipur Tower, M.I. Road, Jaipur, (Raj.) 302001<br>• S-22, Second floor, dawarika tower, Central spine, Vidhyadhar Nagar, jaipur-302039, Rajasthan |
| 6. | Date of closure of insolvency resolution process | 28.01.2021 |
| 7. | Liquidation commencement date of corporate debtor | 16.03.2021 |
| 8. | Name and registration number of the Insolvency professional acting as Liquidator | Prashant Agrawal<br>**Reg. No.** IBBI/IPA-001/IP-P00053/2017-18/10127 |
| 9. | Address and e-mail id of the liquidator, as registered with the Board | Address: F-106, 1st Floor, Sumer Complex, Gautam Marg, B/h Bagadia Bhawan, C-Scheme, Jaipur-302001, Rajasthan<br>E-mail Id: ippagrawal@gmail.com |
| 10. | Address and e-mail to be used for correspondence with the liquidator | Address: F-106, 1st Floor, Sumer Complex, Gautam Marg, B/h Bagadia Bhawan, C-Scheme, Jaipur-302001, Rajasthan<br>E-mail Id: sagacirp@gmail.com |
| 9. | Last date for submission of claims | 15.04.2021 |

Notice is hereby given that the Hon'ble National Company Law Tribunal, Jaipur Bench has ordered the commencement of liquidation of the Saga Automotive (India) Private Limited on 16.03.2021.

The stakeholders of Saga Automotive (India) Private Limited are hereby called upon to submit their claims with proof, on or before 15.04.2021 to the liquidator at the address mentioned against item 10.

The financial creditors shall submit their claims with proof by electronic means only. All other creditors may submit the claims with proof in person, by post or by electronic means.

Submission of false or misleading proofs of claim shall attract penalties.

PRASHANT AGRAWAL IBBI/IPA-001/IP-P00053/2017-18/10127 JAIPUR INSOLVENCY PROFESSIONAL

**Prashant Agrawal**
**Liquidator**
**Saga Automotive (India) Private Limited**
**(In Liquidation)**
**Date: 18.03.2021**
**Place: Jaipur**

## एक नजर

### दिलीप अध्यक्ष, सुनील महामंत्री बने

**सीकर।** भारतीय नाई समाज के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नरेश सैन ने राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एडवोकेट गजेंद्र सिंह कें निर्देश अनुसार भारतीय नाई समाज सीकर के जिला अध्यक्ष के पद पर दिलीप बिलखीवाल को नियुक्त किया गया है। प्रदेश मीडिया प्रभारी के रूप में पत्रकार शंकर सैन, जिला संरक्षक के रूप में रामलाल सैन फतेहपुर, सांवरमल सैन सीकर, सीकर जिला महामंत्री के रूप में सुनील सैन सबलपुरा को मनोनीत किया गया।

### एक दिवसीय चिकित्सा शिविर आज

**सादुलपुर।** राजगढ़ कस्बे में गुरुवार को सेठ बिहारी लाल जैन की स्मृति में एक दिवसीय विशाल चिकित्सा शिविर लगेगा। आयोजन प्रभारी यहां आए हुए बेंगलुरु प्रवासी मनोहर लाल गोयल ने बताया की यह शिविर डालमिया सेवा ट्रस्ट तथा भारत समाज द्वारा संचालित अभियान के अंतर्गत श्री बिहारी लाल जैन ट्रस्ट की ओर से लगवाया जा रहा है। शिविर प्रातः 10-00 बजे शुरू हो जाएगा, जिसमें दिल्ली के डॉक्टर जोगेंद्र सिंह की टीम सेवाएं देंगी। इस शिविर में दमा, गठिया, मधुमेह तथा लीवर की पथरी के रोगों के लिए उपचार किया जाएगा तथा रोगियों को 1 माह की दवा पूर्णतया निःशुल्क दी जाएगी। यह शिविर शिवनारायण सरावगी मार्ग पर स्थित सेठ शिवनारायण सरावगी हवेली में संपन्न होगा।

### बाटोदा पुलिस ने 2 वांछित मुल्जिम किए गिरफ्तार

**गंगापुर सिटी।** जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी के निर्देशन में चलाये जा रहे आरोपीयो की धरपकड अभियाान के तहत थानाधिकारी थाना बाटोदा के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा कार्यावाही करते हुये वांछित मुलजिमान पुखराज पुत्र सीताराम जाति गुर्जर उम्र 40 साल निवासी बाढ बिछौछ थाना बाटौदा व मुकेश गुर्जर पुत्र सीताराम गुर्जर उम्र 28 साल जाति गुर्जर निवासी बाढ बिछौछ थाना बाटौदा को गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि आरोपीयो के खिलाफ थाना बाटोदा पर धारा 341, 323, 324, 336, 326, 34 आईपीसी में मुकद्दमा दर्ज किया गया था मुलजिमान को बाद अनुसंधान न्यायालय में पेश किया जावेगा। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में जगदीश भारद्वाज थानाधिकारी बाटोदा, श्रीमति ममता शर्मा एचसी थाना बाटोदा, कांस्टेबल देवराज, राजेश, हरवीर थाना बाटोदा शामिल थे।

### महाविद्यालय के लिए निर्माण राशि एव जमीन अलॉट

**पावटा।** विराटनगर विधायक इन्द्राज गुर्जर की मांग पर विराटनगर में महाविद्यालय खोले जाने की षोषणा के बाद इस बार बजट में विराटनगर महाविद्यालय के भवन निर्माण के लिए राज्य सरकार द्वारा साढ़े 5 करोड़ की राशि एवं 5 एकड़ भूमि आवंटित करदी गई। राजस्थान सरकार ने विधायक इन्द्राज गुर्जर की अनुशंसा पर विराटनगर महाविद्यालय के भवन निर्माण के लिए डी एम एफ़ टी फ़ंड से साढ़े 5 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की है। वहीं स्वायत्त शासन विभाग ने राजकीय महाविद्यालय विराटनगर के लिए बीजक रोड पर स्थित नगरपालिका की भूमि में से 5 एकड़ भूमि आवंटित की है। अब यहाँ महाविद्यालय का भवन व खेल मैदान बनेगा। विधायक महोदय ने अपने चुनाव के दौरान क्षेत्र की जनता को जो कहा सो किया। अब विराटनगर के युवाओं के सपनों को लगेंगे पंख। युवाओं का अपनी कॉलेज का सपना होगा साकार। अभी तक महाविद्यालय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के भवन में चल रहा था।

# यातायात विभाग का अतिक्रमण हटाओ अभियान दूसरे दिन भी जारी

## दुकानदार सहयोग करेगें तभी सड़के होगी अतिक्रमण से मुक्त, यातायात होगा सुगम : मेघना त्रिपाठी

वैभव न्यूज ■ भीलवाड़ा।



यातायात महकमें की ओर से दूसरे दिन बुधवार को भी शहर के मुख्य मार्गो पर दुकानों के बाहर अतिक्रमण को हटवाने व व्यापारियों को समझाने का कार्य जारी रहा। यातायात प्रभारी मेघना त्रिपाठी की अगुवाई में यातायात कर्मियों ने कई मार्गो दूकानों के बाहर रखे सामानों को हटवाकर वाहन खड़े करवाने की जगह करवाई। उन्होंने व्यापारियों से कहा की शहर के मुख्य बाजारों में दुकानों के बाहर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दूकानदार अपनी जिम्मेदारी समझे और दूकानों के बाहर सामान रखने के बजाय जगह खाली रखे ताकि ग्राहकों को अपने वाहन रखने में सुविधा हो और यातायात बाधित ना हो। यातायात पुलिस ने पैदल गश्त करते हुए कई दुकानों के बाहर रखे सामानों को हटवाया। कई दुकानों के बोर्ड काफी आगे तक उन्हें भी हटाने के निर्देश दिए। सभी दुकानदारों से समझाइश भी की गई। सभी को निर्देशित किया गया की अपने सामान दुकान के अन्दर रखे। सड़क के दोनों और व्हाइट लाइन के अंदर ही हर हाल में वाहन खड़े हो ऐसी व्यवस्था बनाने में दुकानदार सहयोग करे। दुकानदार सहयोग करेगे तभी सड़के अतिक्रमण से मुक्त होगी और यातायात सुगम होगा। उन्होंने आमजन से अपील की है की वह वाहन चलाते समय हेलमेट, सीट बेल्ट का प्रयोग करे। यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करे। कोरोना से बचाव के लिए फेस मास्क का हर हाल में उपयोग करे। गौरतलब है की यातायात प्रभारी त्रिपाठी ने जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के आदेश पर मंगलवार शाम अभियान किया था तो अग्रिम आदेश तक जारी रहेगा। अवमानना करने वाले दुकानदारों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## पोषण अभियान में दी गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य की जानकारी

**भीलवाड़ा।** शिक्षा राष्ट्रीय पोषण मिशन के तहत गर्भवती माताओं को गुड़ चना नारियल लायंस क्लब भीलवाड़ा द्वारा दिया गया यह जानकारी अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सीपी गोस्वामी द्वारा दी गई। शहर की आंगनवाड़ी केंद्र गूवारिया बस्ती आरसी व्यास कॉलोनी पर गर्भवती माताओं की संगोष्ठी आयोजित की गई और पोषण के बारे में समझाया गया कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी शिव कंवर, पोषण विशेषज्ञ प्रेम तिवारी, लायंस क्लब भीलवाड़ा चैप्टर के अध्यक्ष विनोद जैन, नक्षत्र ग्रीन के डायरेक्टर दिव्यम बाबेल सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं गर्भवती माताएं उपस्थित रहें। डॉक्टर गोस्वामी द्वारा बताया गया कि गर्भवती महिला का वजन नियमित रूप से नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर कराया जाना चाहिए जिससे कि कुपोषण के बारे में समय रहते बचाव एवं उपचार लिया जा सके। गोस्वामी द्वारा एनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम के तहत गर्भवती माताओं को आयरन टेबलेट लिए जाने एवं नवजात शिशु को 6 माह की आयु से 5 वर्ष की आयु तक आयरन सिरप पिलाए जाने के बारे में जानकारी दी। बाल विकास परियोजना अधिकारी शिव कंवर द्वारा महिलाओं को स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श नियमित रूप से करवाए जाने सहित टीकाकरण के बारे में बताया। पोषण विशेषज्ञ प्रेम तिवारी द्वारा गर्भवती महिलाओं को प्रसव काल के दौरान हल्का व्यायाम एवं आहार की जानकारी दी गई। लायंस क्लब भीलवाड़ा के अध्यक्ष विनोद जैन द्वारा बताया गया कि लायंस क्लब द्वारा भीलवाड़ा शहर में गर्भवती माताओं एवं शिशुओं के स्वास्थ्य के लिए भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में गर्भवती माताओं द्वारा सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की गई।

## महात्मा ज्योतिबा फूले राष्ट्रीय जागृति मंच के बैनर तले तहसीलदार को सौपा ज्ञापन

### जिंदल सॉ लिमिटेड की ब्लास्टिंग से खफा हुए जालिया ग्रामवासी



**भीलवाड़ा।** जिन्दल शॉ लिमिटेड कम्पनी पर नियम विरूद्ध ब्लास्टिंग करने का आरोप लगाते हुए जालिया ग्रामीणों ने महात्मा ज्योतिबा फूले राष्ट्रीय जागृति मंच के बैनर तले बनेड़ा तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होने न्यायालय के आदेशों के अनुसार ब्लास्टिंग करवाने की मांग की। ग्रामवासियों का कहना है कि जालियां ग्राम में जिंदल सॉ लिमिटेड द्वारा अवेध रूप से खनन कार्य किया जा रहा है। जिससे पड़ोसी किसानों, आवासीय बस्ती तथा राजकीय विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों सहित ग्रामीणों व मवेशियों को हर समय जान का खतरा बना रहता है। इस बाबत हमने कई मर्तबा जिला कलेक्टर के समक्ष ज्ञापन द्वारा शिकायत दर्ज करा चुके हैं। इसके अलावा दिनांक 3 सितंबर 2016 भारतीय खान ब्यूरो को भी शिकायत दर्ज की गई थी। इस शिकायत पर ब्यूरो का एक दल सहायक खान नियंत्रक के नेतृत्व में दिनांक 17 सितंबर 2016 को जांच के लिए लापीया पॉइन्ट पर आये। ग्रामीणों की उपस्थिति में जांच की। जिसमें कई खामियां उजागर हुई और जांच दल ने यह भी माना कि पड़ोसी किसानों की सहमति के बिना कोई ब्लास्ट नहीं कर सकता और कंपनी को सुरक्षा उपकरण लगाने के भी निर्देश दिए। ज्ञापन देने में जागृति मंच के प्रदेश महासचिव कन्हैया लाल माली, गणपत भील, गोपाल रेबारी, बाबूलाल माली, शंकरलाल, रामेश्वर माली, जमुनालाल, महावीर, श्रीलाल, कैलाश, मदन, बंसीलाल, हीरालाल कृष्णगोपाल, विकास, सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## चूरू जिला कलक्टर व चूरू उपखंड अधिकारी पर कार्रवाई करने की मांग



**सादुलपुर।** चूरू जिला कलक्टर सांवरमल वर्मा व चूरू उपखंड अधिकारी अभिषेक खन्ना पर अपने अधीनस्थ कार्मिकों के खिलाफ द्वेषतापूर्ण कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए राजस्थान राज्य मंत्रालयिक कर्मचारी महासंघ की राजगढ़ शाखा की ओर से जिला कलक्टर चूरू व उपखंड अधिकारी चूरू पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन उपखंड अधिकारी राजगढ़ को सौंपा। इसके पश्चात उपखंड कार्यालय के सामने समस्त कार्मिकों द्वारा सांकेतिक धरना दिया गया व कार्य बहिष्कार रखा। महासंघ के अध्यक्ष सुखवीर पूनिया ने बताया कि राजस्व विभाग के कार्मिकों की समस्या का निराकरण जल्द से जल्द करवाया जावे अन्यथा समस्त कार्मिकों के द्वारा कार्य बहिष्कार के साथ आंदोलनात्मक रुख अपनाने को मजबूर होना पड़ेगा।

इस दौरान सभी विभागों के कार्मिक जिसमें निर्मल सिरोवा, लोकेश कुमार, मनीष पूनिया, देवदत्त गिरी, राजेंद्र जाखड़, सुनील सरावग, अनिल, लक्ष्मी देवी, सुनीता देवी, संदीप, नरेंद्र जांगिड़ वीरेंद्र पूनिया, विकास, दिनेश, आनंद, मांगेराम, सुरेंद्र, दीपक, संजय पूनिया राकेश आदि उपस्थित रहे।

## जैविक खेती को बढावा देने हेतु कार्यशाला का हुआ आयोजन

**धौलपुर।** नीति आयोग द्वारा प्रायोजित जैविक खेती कार्यशाला का शुभारंभ कृषि विज्ञान केंद्र धौलपुर में जिला कलक्टर राकेश कुमार जायसवाल के मुख्य आतिथ्य में हुआ। किसानों को संबोधित करते हुए जिला कलक्टर ने जैविक खेती के माध्यम से होने वाली फसलों को बढ़ावा देने के लाभ एवं उत्पादन के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि जैविक खेती को बढ़ावा देकर ही भविष्य में रोगों के बढ़ने की आशंकाओं को कम किया जा सकता है। गेहूं व आलू सहित अन्य की जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाए। नीति आयोग के द्वारा आशान्वित जिला कार्यक्रम के अंतर्गत आलू, गेंहू की जैविक खेती हेतु कार्य शाला में थीम अप लिफ्टिंग फार्मर थ्रू ऑर्गेनिक एग्रीकल्चर पर आधारित 6 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। नीति आयोग से 159 लाख रुपये जैविक खेती हेतु स्वीकृत किये गए। उन्होंने बताया कि 25 गांवों के 325 किसानों का चयन कर करके 250 काश्तकारों का गेंहू 75 काश्तकार आलू की जैविक खेती के लिए चयनित किये गए। कार्यशाला में 50-50 की संख्या बैच बनाकर कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। जिले में शुरुआती तौर पर कुल भूमि 130 हेक्टेयर भूमि पर जैविक कृषि की जानी है जिसमें 100 हेक्टेयर गेंहू तथा 30 हेक्टेयर आलूए स्वस्थ जीवन के लिए जैविक कृषि क्रियाएं अपनाने पर जोर देने की बात कही।

# सामूहिक रूप से परिवर्तन लाकर हीमोफिलिया के रोगियों को सेवाएं दें : डॉ. अरूण गौड़

## एमजीएच में हीमोग्लोबिनापेथी (थैलीसिमिया, हीमोफिलिया) पर हुई वर्कशॉप

वैभव न्यूज ■ भीलवाड़ा।




हम सबको सामूहिक रूप से परिवर्तन लाकर हीमोफिलिया के रोगियों को सेवाएं देनी है। डॉक्टर, नर्सिंग स्टॉफ सामाजिक संगठन सभी को एक साथ मिलकर काम करना होगा। हीमोफिलिया के रोगियों का इसी तरह हम इलाज व सेवा कर पाएंगे। यह बात महात्मा गांधी अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अरूण गौड़ ने महात्मा गांधी अस्पताल परिसर स्थित जीएनएम ट्रेनिंग सेंटर में बुधवार को आरवीआरएस मेडिकल कॉलेज व एमजीएच के संयुक्त तत्वावधान में हीमोग्लोबिनापेथी (थैलीसिमिया, हीमोफिलिया) पर हुई वर्कशॉप में व्यक्त किए। वर्कशॉप में आरवीआरएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसीपल डॉ. शलभ शर्मा ने भी अपने विचार रखे। एमजीएच उपनियंत्रक एवं डायलिसिस यूनिट प्रभारी डॉ. देवकिशन सरगरा, पैथोलोजी विभाग के एचओडी डॉ. विवेक जैन, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. अनिल लढ़ा, डॉ. दीपक गोयल आदि मौजूद थे। इससे पूर्व सभी ने मां सरस्वती जी के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में अस्पताल के चिकित्सक व नर्सिंग स्टॉफ के साथ ही सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

**ऐसे होता है हीमोफिलिया:** वर्कशॉप में बताया गया की हीमोफिलिया तब होता है जब किसी व्यक्ति के रक्त में क्लॉटिंग प्रोटीन की कमी के कारण सामान्य रूप से खून का बहाव नहीं होता है। इससे पीडित व्यक्ति में चोट के बाद सामान्य स्थिति से अधिक समय तक खून बहता रहता है। कभी-कभी रक्तस्राव जोड़ों या मस्तिष्क के अंदर भी होता है। जब रक्तस्राव किसी जोड़ के अंदर होता है, तो यह स्थायी नुकसान हो सकता है जब मस्तिष्क के अंदर खून बहता है, तो यह दीर्घकालिक सिरदर्द का कारण हो सकता है। यह स्थिति आमतौर पर जमावट कारक की वंशानुगत कमी के कारण होती है।

**तीन तरह का होता है हीमोफीलिया:** हीमोफिलिया ए यह सबसे आम हीमोफाइल है। 5,000 में से एक पुरुष इस विकार के साथ पैदा होता है। हीमोफिलिया बी यह दूसरा सबसे आम प्रकार का हीमोफिलिया है। 25,000 पुरुषों में से एक इस विकार के साथ पैदा होता है। हीमोफिलिया सी, जिसे रोसेंथल सिंड्रोम के रूप में भी जाना जाता है, बहुत ही दुर्लभ और हीमोफिलिया ए और बी से अलग है। हालांकि, यह रक्त के थक्के बनाने के लिए आवश्यक शरीर में रक्त प्रोटीन के निम्न स्तर के कारण भी होता है।

## अभिनेत्री माहिया दाधीच कला संस्कृति एवं विरासत अलंकरण अवार्ड से सम्मानित



**सीकर।** शेखावाटी अंचल से धारावाहिक, फिल्म अभिनेत्री माहिया दाधीच को राजस्थान प्रदेश से चयनित कर कला संस्कृति एवं विरासत अलंकरण अवार्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया गया। इसी के साथ उन्हें कोरोना काल मे उत्कृष्ट सेवा व सहयोग करने पर बेस्ट कोरोना वारियर्स हेतु गोल्ड मेडल देकर भी सम्मानित किया गया। यह जानकारी देते हुये माहिया ने बताया कि भारतीय अटल सेना (राष्ट्रवादी) के तत्वावधान मे जनकपुरी क्लब के सभागार मे आयोजित दो दिवसीय समारोह मे सम्मान किया गया। उन्होंने बताया कि मंचस्थ साध्वी आस्था मां, भारतीय अटल सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु जादौन, भारतीय अटल सेना (राष्ट्रवादी) के दिल्ली प्रदेशाध्यक्ष ने उन्हें यह अवार्ड प्रदान किया। माहिया ने बताया कि इस दो दिवसीय समारोह मे देश के विभिन्न प्रदेशों की प्रतिभाओं का भी उत्कृष्ट कार्य व सेवाओ के लिये सम्मानित किया। इस दौरान विचार गोष्ठी, संगोष्ठी, सम्मेलन व योग प्रशिक्षण, गौ सेवा के लिये अटल गौ शाला स्थापित करने के लिये प्रेरित किया गया। उन्होंने बताया कि समारोह मे बेवसाइड का शुभारंभ कर अटल पुस्तक का विमोचन भी हुआ। अभिनेत्री माहिया दाधीच टीम मे शामिल प्रेम चौमाल, कुंकुम, सावित्री दीक्षित एवं कविता चौधरी को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया।

## श्री रणछोड़ मचकुंडधाम विकास समिति की बैठक का हुआ आयोजन



**धौलपुर।** बुधवार को गोविंद वाटिका, राजाखेड़ा बाई पास, धौलपुर में श्री रणछोड़ मचकुंडधाम विकास समिति की बैठक का आयोजन संयोजक प्रमुख समाजसेवी मुकेश शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में समिति की आगामी कार्य योजना एवं सदस्यता अभियान को गति देने पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते समय संयोजक मुकेश शर्मा ने कहा श्री रणछोड़ भगवान जी की पावन नगरी धौलपुर के पवित्र तीर्थ स्थल मचकुंडधाम को केंद्र सरकार की दर्शन योजना के तहत श्रीकृष्णा सर्किट में शामिल कराने हेतु चलाये जा मुहिम को गति देने के लिए हम सबको मिलजुल कर कार्य करना होगा। गिरीश उपमन्यु ने समिति द्वारा अब तक किये हुए कार्यो का विवरण दिया। विकास अग्रवाल ने अभियान के प्रचार प्रसार को बढ़ावा देने हेतु विचार व्यक्त किये। प्रमुख समाजसेवी राजेन्द्र शर्मा ने धौलपुर जिले सभी विधायकों द्वारा प्रस्तावना पत्र के द्वारा मुख्यमंत्री तक पहुँचवाने के लिए विचार रखा। मीडिया प्रमुख अशोक सिकरवार ने कहा कि हमें अपनी समिति का विस्तार करने हेतु गांव गांव गली गली प्रचार करना चाहिए तथा हर सदस्य को अगली बैठक तक कम से कम दस नए सदस्यों को जोडने का प्रयास करना चाहिए। लोकेश राजपूत ने कहा कि हम सबको ट्विटर हैंडल चलाकर पोस्ट करके इस अभियान को अच्छी गति मिल सकती है। प्रमोद शर्मा ने कहा कि अपना अभियान गति पकड़ रहा है उसका ही परिणाम है आज हम सबकी इतनी अच्छी संख्या है।

**कार्यालय नगर परिषद गंगापुर सिटी जिला सवाई माधोपुर राज.**

क्रमांक : 9052 दिनांक :17.03.2021

**आपत्ति-विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद गंगापुर सिटी के द्वारा श्री जगन्नाथ प्रसाद जाटव पुत्र श्री बल्लाराम जाटव निवासी गंगापुर सिटी को राजस्व ग्राम उदेई कलां के गत खसरा नंबर 1691 हाल खसरा नंबर 5881 से 5888 मैं से पट्टा संख्या 1455 दिनांक 30.11.2015 के द्वारा 150 वर्गगज का आवासीय भूखंड का पट्टा जारी किया। इसके पश्चात श्री जगन्नाथ प्रसाद जाटव पुत्र श्री बल्लाराम जाटव निवासी गंगापुर सिटी की मृत्यु दिनांक 09.12.2016 को हो जाने के कारण श्रीमती राजवीरी पत्नी स्वर्गीय श्री जगन्नाथ प्रसाद जाटव निवासी गंगापुर सिटी ने पट्टा हस्तांतरण हेतु पत्रावली नगर परिषद गंगापुर सिटी में प्रस्तुत की है। अतः किसी व्यक्ति संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत के 7दिवस में प्रस्तुत कर सकता है। अवधी गुजरने के बाद आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित रहे।

**आयुक्त नगर परिषद गंगापुर सिटी**

**कार्यालय नगर परिषद गंगापुर सिटी जिला सवाई माधोपुर राज.**

क्रमांक : 9051 दिनांक : 17.03.2021

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे लिखित आवेदकों के आगे वर्णित स्थान पर 90 ए/90 बी के तहत पट्टा चाहा गया है। जो निम्न है:-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | राजस्व ग्राम | खसरा नंबर | क्षेत्रफल वर्गगज में | आवासीय व्यवसायिक | आपत्ति प्रस्तुत करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती कृष्णा अग्रवाल पत्नी जितेंद्र कुमार अग्रवाल | गंगापुर | 145 से 148 व 150,151 | 222.22 | आवासीय | 7 दिवस |

अतः जिस किसी व्यक्ति को उक्त खसरा नंबरों में पट्टा देने में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो उक्त वर्णित अवधि में परिषद में उपस्थित होकर लिखित रूप में पेश कर सकते हैं। अंदर अवधि आपत्ति पेश नहीं होने पर आवेदनकर्ता को भूमि का नियमानुसार पट्टा जारी करने की कार्रवाई की जाएगी। इसके पश्चात कोई भी आपत्ति नहीं सुनी जाएगी। सूचित रहे।

**आयुक्त नगर परिषद गंगापुर सिटी**

**फार्म बी**

**सार्वजनिक सूचना**

**दिवाला और दिवालियापन बोर्ड (परिसमापन प्रक्रिया) विनियम, 2016 के विनियमन 12**

**सागा ऑटोमोटिव (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के हितधारकों के ध्यान के लिए**

| क्र.सं. | ब्यौरा | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | कॉर्पोरेट देनदार का नाम | सागा ऑटोमोटिव (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड |
| 2. | कॉर्पोरेट देनदार को शामिल करने की दिनांक | 19.09.2006 |
| 3. | प्राधिकरण जिसके तहत कॉर्पोरेट देनदार शामिल/ पंजीकृत है | आरओसी-जयपुर |
| 4. | कॉर्पोरेट पहचान संख्या / कॉर्पोरेट देनदार की सीमित देयता पहचान संख्या | U50300RJ2006PTC023129 |
| 5. | कॉर्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय और प्रधान कार्यालय (यदि कोई हो) का पता | • कार्यालय स्थान नं 211, दूसरी मंजिल, जयपुर टावर, एम.आई रोड, जयपुर, (राज.) 302001 • एस -22, दूसरी मंजिल, द्वारिका टावर, सेंट्रल स्पाईन, विद्याधर नगर, जयपुर- 302039, राजस्थान |
| 6. | दिवाला संकल्प प्रक्रिया को बंद करने की दिनांक | 28.01.2021 |
| 7. | कॉर्पोरेट ऋणदाता की परिसमापन प्रारंभ दिनांक | 16.03.2021 |
| 8. | नाम और दिवालियेपन की पंजीकरण संख्या परिसमापक के रूप में | प्रशांत अग्रवाल **रजि. नं.** IBBI/IPA-001/IP-P00053/2017-18/10127 |
| 9. | परिसमापक का पता और ईमेल, जैसा कि बोर्ड के साथ पंजीकृत है। | पता: एफ-106, प्रथम तल, सुमेर कॉम्प्लेक्स गौतम मार्ग, बगड़िया भवन के पीछे, सी-स्कीम, जयपुर -302001, राजस्थान ईमेल आईडी: ippagrawal@gmail.com |
| 10. | परिसमापक के साथ पत्राचार के लिए उपयोग किया जाने वाला पता और ईमेल | पता: एफ-106, प्रथम तल, सुमेर कॉम्प्लेक्स गौतम मार्ग, बगड़िया भवन के पीछे, सी-स्कीम, जयपुर -302001, राजस्थान ईमेल आईडी: sagacirp@gmail.com |
| 11. | दावों को प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक | 15.04.2021 |

सूचना यहां दी गई है कि माननीय राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण, जयपुर बेंच ने **16.03.2021** को **सागा ऑटोमोटिव (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड** के परिसमापन को शुरू करने का आदेश दिया है।

सागा ऑटोमोटिव (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के हितधारकों को आइटम 10 के खिलाफ उल्लेखित पते पर परिसमापक को **15.04.2021 को या उससे पहले** अपने दावों का एक प्रमाण प्रस्तुत करना होगा।

वित्तीय लेनदार केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से अपने दावों का प्रमाण प्रस्तुत करेंगे। अन्य सभी हितधारक डाक द्वारा या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से, व्यक्ति के दावों के प्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। दावे के झूठे या भ्रामक सबूत प्रस्तुत करना दंड को आकर्षित करेगा।

**प्रशांत अग्रवाल**
**परिसमापक**
**सागा ऑटोमोटिव (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड**
**(परिसमापन में)**

**दिनांक: 18.03.2021**
**स्थान: जयपुर**

